# भाजपा पार्षदों ने खोला अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा

## परिषद की बैठक में नहीं पहुंचे पार्षद, खाली पड़ी रहीं कुर्सियां

**मंडीदीप, 9 सितंबर. मंडीदीप नगर पालिका में सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है. सियासी उठा-पटक के बीच उनकी ही पार्टी के पार्षदों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. यहां विपक्षी पार्टी के पार्षदों से अध्यक्ष को कोई दिक्कत नहीं है. उन्हें अपनी ही पार्टी के पार्षदों के विरोधी रवैए का सामना करना पड़ रहा है.**

भाजपा सरकार विकास के दावे करती है. लेकिन, उसके अपने ही उन विकास के दावों की पोल खोलते नजर आते हैं विकास कार्य ना होने से नाराज भारतीय जनता पार्टी के पार्षद अपनी ही अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए. पार्षदों का आरोप है कि अध्यक्ष अपने मनचाहे वार्डों में विकास करा रहीं हैं और हमारे वार्डों के विकास की अनदेखी की जा रही है. राजनीतिक माहौल उस समय गर्म हो गया, जब भारतीय जनता पार्टी के करीब 16 पार्षदों ने अपनी ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया यह घटनाक्रम तब शुरू हुआ, जब पार्षदों ने विधायक सुरेंद्र पटवा से एक निजी होटल में मुलाकात की और इसके बाद नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. नगर पालिका की बैठक इस वर्ष मार्च से लेगे अब तक 4 बार स्थगित हो चुकी है. इससे पहले तीन बार क्षेत्रीय विधायक के समय न देने के कारण बैठक रद्द होना माना जा रहा था बैठक का आयोजन ना होना कई सवाल खड़े कर रहा है



जानकारी के अनुसार, सोमवार को नगर पालिका परिषद की आम बैठक आयोजित की गई थी, लेकिन तय समय पर भाजपा पार्षद बैठक में शामिल होने के बजाय विधायक पटवा से चर्चा करने में व्यस्त रहे. पार्षदों के अनुपस्थित रहने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई. बैठक रद्द होने की सूचना मिलते ही भाजपा पार्षद होटल से सीधे नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी. इस दौरान उनके साथ भाजपा के कुछ युवा नेता भी नारेबाजी में शामिल थे, जो इस घटना को और भी चर्चा का विषय बना रहा.

**कांग्रेस ने लगाया विधायक पर परिषद को अव्यवस्थित करने का आरोप :** इस पूरे घटनाक्रम पर विपक्षी दल कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. कांग्रेस ने इसे भाजपा की अंतर्कलह करार देते हुए विधायक सुरेंद्र पटवा पर गंभीर आरोप लगाए हैं. कांग्रेस का कहना है कि यदि नगर पालिका अध्यक्ष की कार्यप्रणाली में कोई कमी है, तो विधायक को पार्षदों और अध्यक्ष के बीच समन्वय स्थापित करना चाहिए. इसके बजाय, विधायक परिषद को अव्यवस्थित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो नगर के विकास को पीछे धकेलने वाला कृत्य है. कांग्रेस ने चेतावनी दी कि जनता इस तरह के कृत्यों को कभी माफ नहीं करेगी.

**इनका कहना है**

भाजपा की करनी और कथनी में बहुत अन्तर है, यही कारण है कि विकास को लेकर अध्यक्ष और पार्षद एक दूसरे के आमने-सामने हैं.

**दीपेश मारण,**
ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

जल्द ही परिषद की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें लंबित विकास योजनाओं और बजट पर चर्चा होगी.

**प्रशांत जैन,**
नपा सीएमओ.

**विकास पर उठ रहे सवाल**

इस घटना ने मंडीदीप नगर पालिका में भाजपा के भीतर चल रही खींचतान को उजागर कर दिया है. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह की अंतर्कलह से न केवल पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचेगा, बल्कि नगर के विकास कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं. जनता के बीच इस घटना को लेकर चर्चा जोरों पर है, और लोग इस बात से चिंतित हैं कि नेताओं के आपसी विवाद का खामियाजा नगर के विकास को भुगतना पड़ सकता है. फिलहाल, इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. यह देखना बाकी है कि इस विवाद का समाधान कैसे निकलता है और इसका मंडीदीप की राजनीति और विकास पर क्या प्रभाव पड़ता है.

# त्यौहारों से पहले सभी गांवों की सफाई कराएं

- **पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम ने दिये निर्देश**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 9 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पंचायतें सामाजिक-आर्थिक जीवन स्तर के उन्नयन का प्रभावी माध्यम हैं. शासन की कल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन में पंचायतराज संस्थाओं की सक्रिय सहभागिता और उनकी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता आवश्यक है.**

प्रदेश की सभी पंचायतों में सभी लोगों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का आकलन कराते हुए विकास गतिविधियां संचालित की जाएं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्यौहारों से पहले सभी गांवों में साफ-सफाई सुनिश्चित करें. साथ ही धार्मिक पर्वों पर होने वाले भंडारों और धार्मिक आयोजनों को प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने में ग्राम पंचायतें पहल करें. मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवासों का निर्माण जलवायु की अनुकूलता और ग्रीष्म ऋतु के प्रभाव का आकलन करते हुए किया जाए. प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बन रहे पीएम आवास का डिजाइन ऐसा हो, जिससे इनकी विशेष पहचान बनी रहे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 10 सितम्बर को कोलकाता में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठकें करेंगे. साथ ही टेक्सटाइल, वस्त्र एवं परिधान, आई टी, ईएसडीएम, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग, रिन्यूएबल एनर्जी सहित सभी प्रमुख सेक्टर में संभावित निवेश अवसरों और व्यावसायिक साझेदारी पर विस्तार से चर्चा करेंगे.

**सड़कों में सुरक्षा से जुड़ी कमियां तत्काल दूर करें**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में हुई परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए अंतरविभागीय बैठक नियमित रूप से हो. सड़कों पर सुरक्षा से जुड़ी कमियां पाए जाने पर उन्हें तत्काल दूर किया जाए. उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क पर बने बस स्टॉप पर नागरिकों को साफ-सफाई के साथ आवश्यक सुविधाएं मिले. परिवहन विभाग की राजस्व संग्रह निगरानी प्रणाली को और मजबूत किए जाने के निर्देश भी दिए हैं.

# पीएम जनमन योजना में सरकार के साथ समाज भी जुड़े : पटेल

**भोपाल,09 सितंबर. मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि पीएम जनमन योजना जनजातीय वर्ग के कल्याण की अभूतपूर्व योजना है और यह समाज के वंचित वर्गों के उत्थान का प्रयास है. समरस समाज के निर्माण की इस पहल में सरकार के साथ समाज को भी सहयोग के लिए आगे आना चाहिए.**



राज्यपाल ने आहवान किया कि पीएम जनमन आवास योजना के आवासों को और अधिक बेहतर बनाने के लिये समाज के समृद्ध वर्ग का सहयोग प्राप्त किया जाना चाहिए. पटेल पीएम जनमन योजना की प्रगति की मंगलवार को राजभवन में समीक्षा कर रहे थे. बैठक में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी उपस्थित थे. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अधिकारियों से अपेक्षा की है कि प्रशासनिक स्तर पर निर्माण कार्य की मज़बूती के लिए सामग्री की गुणवत्ता के साथ निर्माण की देख-रेख के प्रयासों में मैदानी सहयोग और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए.

राज्यपाल पटेल ने कहा कि पीएम जनमन योजना जनजातीय समुदाय को समग्रता में लाभान्वित करने की योजना है. हितग्राहियों को लाभान्वित करने की दृष्टि से सबसे गरीब को सबसे पहले प्राथमिकता देना चाहिए और आवास मजबूत और सुविधा जनक हो. उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा आवास निर्माण स्थल का निरीक्षण निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सहयोग की दृष्टि से किया जाना चाहिए.

# 35 सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

**बैरसिया, 9 सितंबर. मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की बैरसिया तहसील इकाई द्वारा मंगलवार को खंड स्तरीय वरिष्ठ व सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह गर्ल्स स्कूल में संपन्न हुआ. शिक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मप्र. शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौड़ थे.**



कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रांतीय सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा ओर विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एन के अहिरवार ओर संघ जिला अध्यक्ष नागेश पांडेय, एपीसी विनोद गुप्ता , शाला प्राचार्य श्रीमती गीता जोशी मंचासीन रही. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष क्षत्रबीर सिह राठौड ने कहा कि प्रदेश के समस्त शिक्षक साथियों के हितों को ध्यान में रखते हुए शिक्षक संघ कार्य कर रहा है. नतीजन चतुर्थ समयमान वेतनमान शिक्षक संघ के प्रयासों से प्राप्त हुआ है. आगे संघ शिक्षक समस्याओ के निराकरण के लिए तत्पर रहता है. वही प्रांतीय सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने भी शिक्षक संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला. ततपश्चात तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में आयोजिय शिक्षक सम्मान समारोह में विकास खंड के 35 सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान शाल श्रीफल और पुष्पमालाएं पहनाकर किया गया.

कार्यक्रम में करीब 200 शिक्षक शामिल हुए. इनमें संतोष जैन, बिजेंद्र यादव, रामसरन खरे, अनिल कुमार वर्मा, समीम अख्तर, शिवनारायण पाल , राकेश शुक्ला, हेमलता बैरागी, शिशुपाल सिंह राजपूत, नगर अध्यक्ष विंदू श्रीवास्तव, मदन गोपाल नामदेव, किरण निखोरिया ,मानसी शर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित थे.

# सीएम ने उप राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर सीपी राधा कृष्णन को दी बधाई

**भोपाल, 9 सितंबर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ नेता सी.पी. राधाकृष्णन को देश के 15वें उप राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर बधाई दी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राधा कृष्णन का जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित रहा है. निश्चित ही वे उप राष्ट्रपति पद की गरिमा को बढ़ाने का कार्य करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्र प्रगति की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है. नवनिर्वाचित उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन का मार्गदर्शन भी हमारे राष्ट्र को प्राप्त होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राधाकृष्णन को मध्यप्रदेश की समस्त 9 करोड़ जनता की ओर से बधाई और अनंत शुभकामनाएं दी हैं.

# भाजपा विधायक सुरेंद्र पटवा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

- **16 सितंबर को कोर्ट में पेश करना होगा**

**भोपाल, 9 सितंबर. भोजपुर से भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा के खिलाफ इंदौर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एमएलए कोर्ट ने मंगलवार को यह वारंट जारी किया है.**



विधायक पटवा पर धारा 420, 409,120 बी के तहत यह वारंट जारी किया है. कोर्ट ने सुरेंद्र पटवा को गिरफ्तार कर 16 सितंबर को पेश करने के निर्देश दिए हैं. विधायक पटवा के खिलाफ चेक बाउंस के 70 से ज्यादा मामले कोर्ट में लंबित हैं. ज्यादातर में मामला हाईकोर्ट तक जा चुका है. कुछ में उन्हें राहत भी मिली है, जिसे सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गई है. बार-बार नोटिस के बाद भी पटवा कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे. अक्टूबर 2021 में सीबीआई ने सुरेंद्र पटवा और उनकी पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था. यह केस बैंक ऑफ बड़ौदा की इंदौर शाखा से मिली शिकायत पर दर्ज किया गया था. पटवा परिवार पर आरोप है कि उन्होंने बैंक से जुड़े लेन-देन में गड़बड़ी की. जिसके बाद धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था. बता दें कि सुरेंद्र पटवा पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा के भतीजे हैं. वे शिवराज सरकार में पर्यटन मंत्री भी रह चुके हैं.




# विशाल तांबे का पात्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

**भोपाल, 09 सितम्बर. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में प्रतिमाह आयोजित होने वाले माह का प्रादर्श कार्यक्रम के अंतर्गत इस माह के प्रादर्श का उद्घाटन वीथी संकुल के अंतरंग प्रदर्शनी परिसर में किया गया.**

इस अवसर पर मूल रूप से उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर निवासी निपामाचा सिंह (वरिष्ठ पहलवान, पूर्व सैनिक, विशिष्ट कुश्ती कोच एवं मार्शल आर्टिस्ट) मुख्य अतिथि रहे. निपामाचा सिंह ने 3 ईएमई आर्मी सेंटर, बैरागढ़, भोपाल में अपने सेवाकाल के दौरान अनेक सैनिकों को कुश्ती एवं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्रदान किया है. उन्होंने इस प्रदर्शन को संग्रहालय द्वारा अरुणाचल के समृद्ध संस्कृति को दर्शाने वाला एक अच्छा प्रयास बताया.

इस कार्यक्रम में संग्रहालय के निदेशक प्रो. डा. अमिताभ पांडे सहित संग्रहालय के प्रमुख अधिकारी डा सोमा किरो, डा एस के पांडे, पी आर ओ हेमंत बहादुर सिंह परिहार, राजेंद्र झरिया, राजीव जैन, डा मोहन लाल, डा मोहम्मद रेहान , डा अनुराधा पंडा , डा शिखा तहेंगुरिया आदि सहित कई कर्मचारी, संग्रहालय विज्ञान के विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में दर्शकों ने भाग लिया. इस बार संग्रहालय द्वारा प्रदर्शित माह का प्रादर्श जात, जो एक विशाल तांबे का पात्र है, का संयोजन संग्रहालय के मानव विज्ञानी अधिकारी एन. सकमाचा सिंह (सहायक कीपर) द्वारा किया गया.

इस प्रादर्श को वर्ष 2005 में शेरदुकपेन समुदाय के थोंग्रे गाँव, पश्चिम कामेंग, अरुणाचल प्रदेश से सकमाचा सिंह द्वारा ही संग्रहित किया गया था. सकमाचा सिंह बताया,यह धातु पात्र शेरदुकपेन जनजाति एवं अन्य पड़ोसी समुदायों के आर्थिक, सामाजिक, अनुष्ठानिक और अंतर्सांस्कृतिक महत्व का द्योतक है. पड़ोसी मिजी जनजाति इस पात्र को 'सिजांग' के नाम से जानती है. मिजी समाज में यह वस्तु न केवल सामाजिक प्रतिष्ठा और धन का प्रतीक है, बल्कि इसे वधू मूल्य के रूप में भी दिया जाता है.


**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र-2 एवं स्पष्टीकरण**

**निविदा क्रमांक: BPL-PROJECT-EPC-2025-02**
**प्रकाशन दिनांक: 15.07.2025**

निविदा क्रमांक: BPL-PROJECT-EPC-2025-02 प्रकाशन दिनांक 15.07.2025 हेतु IREPS Portal पर शुद्धि पत्र-02 एवं स्पष्टीकरण, दिनांक 05.09.2025 को प्रकाशित किया गया है। पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है। कृपया उक्त वेबसाइट को आगे की सूचना के लिए विजिट करें।

(हस्ता.)
उप मुख्य विद्युत अभियंता, प.म.रे., भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**Name Clarification Notice**

I, Aman S/o Gurjeet Singh, resident of H-43, Nishat Colony, 74 Bungalow, Bhopal, hereby declare that in my Birth Certificate my name is mentioned as "Aman", whereas in my Aadhaar Card my name is mentioned as **"Aman Arora"**. Both names refer to one and the same person, i.e., myself. Henceforth, I shall be known by my correct and full name **"Aman Arora"**.



**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**

**आर-23, चित्तौड़ कॉम्प्लेक्स के पास, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल-462011**
**दूरभाष : 0755-2552663, 2552662, ई-मेल : bocboard@mp.gov.in**

**निविदा सूचना**

म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल कार्यालय हेतु कम्प्यूटर एवं अन्य हार्डवेयर (ऑल इन वन कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर,लैपटॉप, टैबलेट एवं यू.पी.एस.) आदि सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मों से ई-निविदा प्रास्तव ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से दिनांक **09.09.2025 को दोपहर 03:00 बजे से दिनांक 22.09.2025 की शाम 05:00 बजे तक** आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त निविदा प्रस्ताव दिनांक 23.09.2025 को दोपहर 12:00 बजे खोले जायेंगे। ई-निविदा की Tender ID-2025_MPBCW_450239_1 एवं Tender Reference Number-MPBOc/Ten./03/09/2025/2031, द्वारा विवरण, प्रपत्र एवं शर्तें **https://mptenders.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/121979/2025 **सहायक सचिव**



**09/09/2025 को जारी परिशिष्ट का शुद्धिपत्र**
26/07/2025 को प्रकाशित फॉर्म G और 26/08/2025 के परिशिष्ट में EOI जमा करने की समय-सीमा बढ़ाने के लिए
जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (CIRP के अंतर्गत)

यह सूचना जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के CIRP के संबंध में बिजनेस स्टैंडर्ड, अमर उजाला, कन्नड़ प्रभा और नवभारत समाचार पत्रों में 26/07/2025 को प्रकाशित फॉर्म G से संबंधित है। प्रारंभ में, रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) जमा करने की अंतिम तिथि 25/08/2025 निर्धारित की गई थी, जिसे बाद में ऋणदाताओं की समिति (CoC) के अनुमोदन से 08/09/2025 तक बढ़ा दिया गया था। उक्त समय-सीमा को 26.08.2025 के परिशिष्ट द्वारा प्रकाशित किया गया था। इसके बाद, COC के अनुमोदन से, उपरोक्त समाचार पत्रों में दिनांक 09/09/2025 के प्रकाशन के माध्यम से EOI जमा करने की अंतिम तिथि 15/09/2025 तक बढ़ा दी गई।

यह स्पष्ट किया जाता है कि कॉर्पोरेट देनदार के लिए 180 दिनों की CIRP अवधि 09.11.2025 को समाप्त हो जाएगी। इसलिए, समाधान योजना जमा करने की अंतिम तिथि, अर्थात 14.11.2025 (09.11.2025 के बाद), NCLT, इलाहाबाद द्वारा दी गई CIRP अवधि के उचित विस्तार के अधीन होगी।

कृपया ध्यान दें कि इस शुद्धिपत्र को 09/09/2025 को जारी परिशिष्ट के साथ पढ़ा जाना चाहिए।

**CMA दीपिका भुग्रा प्रसाद**
समाधान पेशेवर
जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

दिनांक: 10-09-2025
स्थान: दिल्ली
पंजीकरण क्रमांक: IBBI/IPA-003/IP-N000110/2017-2018/11186
ईमेल: Jaypecement.circp@gmail.com



**ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**

IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL-HFL) के कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय- 183, प्रथम तल, सोनी भवन, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल, नियर सरगम सिनेमा होटल रॉयल विला-462011 में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के अंतर्गत बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि IIFL-HFL के प्राधिकृत अधिकारी ('AO') ने निम्नलिखित ऋण खातों/संभावना संख्याओं में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया था. आईआईएफएल-एचएफएल के बकाये की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है, जो है जैसा है तथा बिना किसी सहारे के आधार पर' इसे बेचने के अधिकार के साथ, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी मंच के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी.

| देनदार/सहदेनदार/ गारंटर का नाम | डिमांड नोटिस की तिथि व राशि | अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण | सांकेतिक कब्जा तिथि | रिजर्व मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती ज्योति बाई श्री गगन बालुए (प्रॉस्पेक्ट नं. 817882) | 14-6-2024 रु.677630/- (रु. छह लाख सतहत्तर हजार छह सौ तीस मात्र) | संपत्ति का वह समस्त भाग जिसमें शामिल हैं- प्लॉट संख्या 132, खसरा संख्या 63, 64, पटवारी हल्का संख्या 27, वर्टेक्स प्राइम IV, ग्राम खंडाबाद, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462001, भूमि क्षेत्रफल 800.00 वर्ग फुट | 13-9-2024 कुल बकाया राशि 29-8-2025 को रु.856153.48/- (रु. आठ लाख छप्पन हजार एक सौ तिरेपन और पैसा अड़तालीस मात्र) | रु.857000/- (रु. आठ लाख सत्तावन हजार मात्र) |
| | बिड वृद्धि राशि रु.20,000/- (रु. बीस हजार मात्र) | | | बयाना जमा राशि (ईएमडी) रु.85700/- (रु. पिच्यासी हजार सात सौ मात्र) |

| प्रॉपर्टी निरीक्षण दिनांक | ईएमडी की अंतिम दिनांक | ई-नीलामी दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 13-10-2025 11.00-14.00 बजे | 15-10-2025 के 5.00 बजे तक | 17-10-2025 11.00 से 13.00 बजे |

**भुगतान का तरीका-** ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है. भुगतान करने के लिए आपको https-//www.ifionehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा.
**नोट-** प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है. सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं.
**शेष भुगतान के लिए -** https-//www.iiflonehome.com ›मेरी बोली ›शेष राशि का भुगतान करें पर लॉग इन करें.
**महत्वपूर्ण जानकारी-** यह नीलामी SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत कब्जे के आधार पर प्रकाशित की गई है. भौतिक कब्ज़ा SARFAESI अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धारा -14 आदेश प्राप्त होने के बाद और जब भी भौतिक की पेशकश की जाएगी, कब्ज़ा ले लिया जाएगा. बोली लगाने वाले को भाग लेने से पहले दस्तावेजों और वैधता के संबंध में आवश्यक परिश्रम करना होगा.

**नियम एवं शर्तें :-**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https-//www. iiflonehome.com के पास अपना विवरण पहले से पंजीकृत करना होगा तथा लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त शाखा कार्यालय में ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति तथा पैन कार्ड के साथ अपना 'निविदा प्रपत्र' जमा/भेजना होगा.
2. बोलीदाताओं को 'बोली वृद्धि राशि' कॉलम के अंतर्गत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपनी पेशकश में सुधार करना होगा. यदि बोली नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समापन समय स्वत: ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा.
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा. सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से किए जाएंगे.
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित प्रभारों का भुगतान करना होगा.
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन का भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के साथ टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा.
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https-//www.iiflonehome.com और https-//www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें.
7. ई-नीलामी पर विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी : care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर : @1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते हैं.
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच 09:30 बजे से 18:00 बजे तक IIFL HFL टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल करें : care@iiflonehome.com
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जे में लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को इकट्ठा करें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
10. इसके अलावा उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त सामान इकट्ठा करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा.
11. यदि सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की जाती है, तो बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी तथा संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा.
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है. निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तिथि से पहले ऊपर उल्लिखित राशि के साथ-साथ अद्यतित ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और यदि कोई बकाया है तो उसे ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.

**स्थान- भोपाल, दिनांक- 10-9-2025** **एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड**



**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
**टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान**

**राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026**

**खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर विज्ञान में**

इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 22 और 23 नवंबर, 2025 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (IAPT) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मानक परीक्षा (NSE) (विज्ञान विषयों के लिए) में शामिल होना होगा.

एनएसई में योग्यता प्राप्त करना 2026 के संबंधित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है.

**नामांकन के लिए :**
एनएसई- https://www.iapt.org.in (21 अगस्त - 14 सितंबर, 2025)
अधिक जानकारी के लिए- https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

**सीबीसी-48143/12/0007/2526**